दिन– गुरूवार | दिनांक– 15 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार बिना किसी भेदभाव के जन कल्याण की भावना से काम कर रही है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल से हो रही है शुरू। बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।

03. राज्य सरकार ने सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी को पैंतालीस दिनों के अंदर रद्द करने का दिया आदेश।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में आई कमी। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार इस दिशा में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। श्री मोदी नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ लास्ट माइल्ड डिलीवरी है। हम एक लोक कल्याण की भावनाओं से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे हैं और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है।

———बाइट———

भारत हर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ग्लोबल साउथ के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। भारत का ये लगातार प्रयास है कि हम जो भी इनोवेशन करें उससे पूरे ग्लोबल साउथ को लाभ हो, कॉमनवेल्थ देशों को फायदा हो। हम ओपन सोर्स टेक्स प्लेटफार्म भी बना रहे हैं ताकि ग्लोबल साउथ के हमारे साथी देश भी अपने यहां भारत जैसी व्यवस्थाएं विकसित कर सके।

कार्यक्रम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी संबोधित किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल से शुरू हो रही है। यह यात्रा पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। पहले चरण में मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे और आम लोगों के साथ संवाद करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस यात्रा से राज्य के विकास को एक नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

हमारे बेतिया संवाददाता ने बताया कि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री कल जिले को कई सौगात देंगे।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार 153 करोड़ की लागत वाली 125 योजनाओं का शिलान्यास और 29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 36 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से बेतिया के रमना मैदान में लगाए जा रहे किसान मेला—सह—यांत्रिकीकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आम लोगों के साथ संवाद करेंगे और कुमारबाग आद्यौगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इधर, समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी को पैंतालीस दिनों के अंदर रद्द करने का सभी अपर समाहर्ताओं को निर्देश दिया है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव सी. के. अनिल द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि जिस अंचलाधिकारी के कार्यकाल में अवैध जमाबंदी हुई है, उनपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी समाहर्ता को इस अभियान की सतत निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उपयोगकर्ता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस—एआई चैटबॉट ग्रोक की मदद से लोगों की तस्वीरों को आपत्तिजनक ढंग से एडिट नहीं कर पाएंगे। अश्लील डीपफेक को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच एलन मस्क के एआई मॉडल ग्रोक ने उपयोगकर्ताओं को वास्तविक लोगों की तस्वीरों को

आपत्तिजनक ढंग से एडिट करने की अनुमति नहीं दी है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि ये प्रतिबंध सभी उपयोगकर्ताओं पर लागू होगा।

———बाइट———

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने बताया कि ऐसी फोटो बनाने की कोशिश करने वाले उपयोगकर्ताओं को स्थानीय कानूनों के अनुसार ब्लॉक कर दिया जाएगा। ग्रोक अभी भी आर–रेटेड फिल्मों के अनुरूप काल्पनिक वयस्कों की तस्वीरें एडिट करने की अनुमति देगा, लेकिन वास्तविक लोगों की तस्वीरें अश्लील रूप से एडिट नहीं की जा सकेंगी। यह कदम मलेशिया और इंडोनेशिया में प्रतिबंधों और ब्रिटेन के मीडिया नियामक, ऑफकॉम और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर जैसे सार्वजनिक हस्तियों सहित ब्रिटेन के अधिकारियों की आलोचना के बाद उठाया गया है। श्री स्टारमर की एआई से बनाई गई आपत्तिजनक तस्वीर वाली एलन मस्क की पिछली पोस्ट ने इस आलोचना को और तूल दिया है। समाचार कक्ष से वैष्णवी।

———————————————————————————

आज अठहत्तरवां सेना दिवस है। इस अवसर पर जयपुर के जगतपुरा में एक भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों के परिवारों को सेना मेडल प्रदान किए। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना मौजूदा चुनौतियों के साथ–साथ भविष्य की ज़रूरतों के लिए खुद को तैयार कर रही है।

———बाइट———

मैं आम नागरिकों को आश्वासन दिलाना चाहता हूं कि भारतीय सेना तैयार है। किसी प्रकार के आक्रमण के लिए। फ्यूचर वॉरफेअर यानि भविष्य में लड़ाई कैसी होगी। क्या हम उसके लिए तैयारी कर चुके हैं। जी हां क्योंकि भविष्य की लड़ाई हर दिन बदलती रहेगी। इसलिए आज की तारीख पर जो हमें उचित लगा हमने उसकी तैयारी की और परेड में हमने उसे आपको दिखाया।

कार्यक्रम में सेना की आधुनिक युद्ध दक्षता का भी प्रदर्शन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस परेड में आत्मनिर्भर भारत की भावना को मज़बूती से दिखाया गया।

———बाइट———

परेड में देश में निर्मित ब्रम्होस मिसाइल, अर्जुन टैंक, ध्रुव तोप और अत्याधुनिक ड्रोन और रोबोटिक डॉग्स के साथ–साथ भैरव बटालियन का प्रदर्शन भी देखने को मिला। सेना की विभिन्न रेजीमेंटों के जवानों ने परेड में भाग लेकर अपनी विशिष्ट वर्दियों, परंपराओं और युद्ध–कौशल का प्रदर्शन किया। परेड में शामिल नेपाल आर्मी बैंड ने दोनों देशों की ऐतिहासिक मित्रता और सैन्य सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान की। परेड में राजस्थान सहित अन्य राज्यों की लोककला, संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। जितेन्द्र द्विवेदी, आकाशवाणी समाचार, जयपुर।

सेना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में भारतीय सेना के साहस और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

———बाइट———

मातृभूमि की सेवा का यह अवसर बड़े सौभाग्य से मिलता है। आपकी ये अटल इच्छा–शक्ति, आपका यह अथाह शौर्य देश जब आपको देखता है। तो उसे सुरक्षा और शांति की गारंटी दिखाई देती है। दुनिया जब आपको देखती है। तो उसे भारत की ताकत दिखाई देती है। ये है मेरी सेना का, मेरे सुरक्षा बलों का पराक्रम।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में कमी आई है। धूप निकलने और सर्द पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से कनकनी का एहसास भी कम हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

---बाइट---

---

प्रदेश के कई हिस्सों में आज भी मकर संक्रांति का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। लोगों ने गंगा सहित विभिन्न पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा–पाठ कर दान–पुण्य किया। इधर, पटना में राजनीतिक दलों की ओर से आज भी दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया जा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की ओर से आयोजित भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू विधायक चेतन आनंद की ओर से आयोजित भोज में भी शामिल हुए।

---

मधुबनी जिले में प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कल से विशेष अभियान की शुरूआत होगी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि इकतीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान हरेक पंचायत और गांव में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर पर शिविर आयोजित कर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वयवंदन कार्ड भी बनाया जाएगा।

---

सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने सासाराम मुख्य डाकघर में कार्यरत पोस्टमैन श्रीलाल को तीस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पोस्टमैन एक ग्रामीण डाक सेवक से रिश्वत ले रहा था।

---

पूर्णिया में पिछले दिनों एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले भी एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

---

किशनगंज के पलतलवा तीन मुहानी के पास पिछले दिनों एक फायनान्स कंपनी के कर्मी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के करजाईन थाना क्षेत्र के मोतीपुर पंचायत में आग लग जाने से छह घर जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

---

पश्चिम चम्पारण जिला स्थित वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के लौकरिया थाना क्षेत्र में वन्यजीव तस्करों ने आयरन ट्रैप लगाकर एक भालू का शिकार कर लिया। एसएसबी और वन विभाग की टीम ने सूचना मिलने पर इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड में एक हजार पांच सौ उनहत्तर अपात्र राशन कार्डधारियों की पहचान की गयी है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि चिन्हित लोगों को विकास मित्रों के माध्यम से नोटिस भेजने का काम शुरू कर दिया गया है।

---

सोन नद की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता से आम लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से औरंगाबाद के बड़ेम में सोन नद महोत्सव का आयोजन किया गया।

---

केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मुंगेर में विकसित भारत– दो हजार सैंतालीस कार्यक्रम के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को सोलह जनवरी को मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार बिना किसी भेदभाव के जन कल्याण की भावना से काम कर रही है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल से हो रही है शुरू। बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

03. राज्य सरकार ने सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी को पैंतालीस दिनों के अंदर रद्द करने का दिया आदेश।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में आई कमी। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।